**Regarding pending completion of setting up of world class Vocational University in Jaunapur in Delhi**

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी **(दक्षिण दिल्ली) :** सभापति महोदया, वर्ष 2012 में भारत के प्रधानमंत्री और सिंगापुर के प्रधानमंत्री के बीच में यह समझौता हुआ कि साउथ दिल्ली के जौनापुर गांव में वर्ल्ड क्लास स्किल यूनिवर्सिटी खोली जाएगी । वर्ष 2012 में 38 एकड़ जमीन यूनिवर्सिटी बनाने के लिए उपलब्ध करवा दी गई । वर्ष 2014 में मोदी जी की सरकार ने लैंड यूज भी डीडीए से चेंज करवा दिया । वर्ष 2017 में सरकार ने 254 करोड़ रुपये वर्ल्ड क्लास स्किल यूनिवर्सिटी बनाने के लिए मंजूर कर दिया । वर्ष 2018 में निर्माण का काम शुरू हो गया । छह महीने के बाद दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली के फॉरेस्ट डिपार्टमेंट से शिकायत करवा कर उस कार्य को रूकवा दिया । उस यूनिवर्सिटी में हमारे हजारों बच्चों को ट्रेनिंग मिल सकती थी । हजारों बच्चे ट्रेनिंग पाकर देश और विदेश में रोजगार पा सकते थे ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि जौनापुर में जो वर्ल्ड क्लास स्किल यूनिवर्सिटी बनायी जानी है, उसका कार्य जल्दी से जल्दी से शुरू करवाया जाए । इससे देहाती दिल्ली और दिल्ली के हजारों युवाओं को रोजगार मिल सकें । बहुत-बहुत धन्यवाद ।